# बिहार सरकार
## सहकारिता विभाग

पत्रांक ........................................................ / पटना, दिनांक ..............................
01 / नि0 / (लेखा) सोशल मीडिया–14 / 2026

सेवा में,

महालेखाकार (ले॰ एवं हक॰),
बिहार, पटना।

विषय :– सहकारिता विभाग, बिहार के अंतर्गत विभागीय योजनाओं से संबंधित जागरूकता अभियान एवं प्रचार प्रसार करने हेतु चयनित एजेंसी, ADD24 Services Private Ltd. को आगामी तीन वर्षों के लिए सोशल मीडिया मैनेजमेंट सर्विसेस का कार्य करने हेतु प्रति माह पाँच लाख रूपये की दर से कुल 1,80,00,000 / –(एक करोड़ अस्सी लाख) (सभी करों सहित) के निकासी एवं व्यय के निमित्त योजना की स्वीकृति।

आदेश :– स्वीकृत।

सहकारिता विभाग, बिहार के अंतर्गत विभागीय योजनाओं से संबंधित जागरूकता अभियान एवं प्रचार प्रसार करने हेतु निविदा के माध्यम से चयनित एजेंसी, ADD24 Services Private Ltd. को आगामी तीन वर्षों के लिए सोशल मीडिया मैनेजमेंट सर्विसेस का कार्य करने हेतु प्रति माह पाँच लाख रूपये की दर से कुल 1,80,00,000 / –(एक करोड़ अस्सी लाख) (सभी करों सहित) के निकासी एवं व्यय के निमित्त योजना की स्वीकृति संसूचित की जाती है।

2. उपर्युक्त राशि वित्तीय वर्ष 2026–27 में बजट शीर्ष–मांग संख्या–09 अंतर्गत मुख्य शीर्ष–2425 उप मुख्य शीर्ष–00 लघु शीर्ष–105–सूचना एवं प्रचार उप शीर्ष–0101–सूचना एवं प्रचार के लिए सहकारिता विभाग द्वारा व्यय विस्तृत शीर्ष–28–व्यवसायिक सेवायें विषय शीर्ष–04 व्यावसायिक / कला / तकनीकी सेवायें विपत्र कोड–09–2425001050101 अंतर्गत विकलनीय होगी।

3. इस राशि की निकासी हेतु निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी, कार्यालय निबंधक, सहयोग समितियाँ, बिहार, पटना द्वारा की जायेगी। राशि की निकासी सी0एफ0एम0एस0(CFMS) में Fully Vouched Contingent Bill के माध्यम से सचिवालय कोषागार, विकास भवन, पटना से की जायेगी तथा संबंधित PMC को निर्धारित शर्तों एवं दर पर भुगतान किया जायेगा। इसके लिए महालेखाकार से प्राधिकार पत्र की आवश्यकता नहीं होगी।

4. परियोजना के लिए भुगतान की शर्तें RFP में वर्णित प्रमुख key milestones के पूरा होने पर आधारित होंगी। Scope of Work के अंतर्गत उल्लेखित गतिविधियों के लिए मासिक भुगतान हेतु एजेंसी द्वारा माह के अंत में निबंधक, सहयोग समितियाँ, बिहार, पटना को विपत्र (invoice) प्रस्तुत किया जाएगा। इसके साथ ही की गई गतिविधियों का संक्षिप्त विवरण देते हुए एक मासिक प्रगति रिपोर्ट भी संलग्न करेंगे। कार्यों की समीक्षा के उपरांत प्राप्त फलाफल के आधार पर भुगतान की कार्रवाई की जायेगी।

5. चयनित एजेंसी का कार्य क्षेत्र संपूर्ण बिहार राज्य में होगा। उक्त योजना की कार्यावधि तीन वर्ष निर्धारित है। विभागीय समीक्षा के क्रम में एजेंसी का कार्य संतोषजनक पाये जाने की स्थिति में योजना की अवधि 02 वर्ष तक विस्तारित की जा सकेगी।

6. चयनित एजेंसी के द्वारा RFP की कंडिका–12 (h) के आलोक में योग्य मानव बल को परिनियोजित (Deployed) करते हुए सेवा उपलब्ध कराया जाएगा। उपलब्ध कराए गए मानव बल के कार्यों

की मासिक समीक्षा निबंधक, सहयोग समितियाँ, बिहार, पटना द्वारा की जाएगी। समीक्षा के क्रम में कार्य असंतोषजनक पाया जाता है तो एजेंसी की सेवा समाप्त करने/राशि की कटौती करने का अधिकार विभाग को होगा।

7. निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी, वित्त विभाग, बिहार, पटना का पत्रांक–2561 दिनांक–17.04.1998 एवं संकल्प संख्या–7245 दिनांक–26.09.2018 के पत्र का अनुपालन सुनिश्चित करेंगे। साथ ही राशि की निकासी एवं व्यय करने में बिहार कोषागार संहिता तथा बिहार वित्तीय नियमावली के सुसंगत प्रावधानों तथा वित्त विभाग द्वारा समय–समय पर निर्गत परिपत्रों/अद्यतन अनुदेशों का अक्षरशः अनुपालन किया जायेगा।

8. इस राशि का उपयोग उसी कार्य के लिए किया जाएगा जिस कार्य हेतु स्वीकृति दी गयी है। किसी अन्य मद में इसका उपयोग कदापि नहीं किया जाएगा। इसके लिए निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी तथा बिहार राज्य भंडार निगम उत्तरदायी होंगे।

9. स्रोत पर अनमान्य कटौती सुनिश्चित किया जाए।

10. इस राशि के अंकेक्षण का अधिकार नियंत्रक महालेखा परीक्षक को होगा।

11. इसमें आंतरिक वित्तीय सलाहकार की सहमति संचिका संख्या–01/नि0/(लेखा) सोशल मीडिया–14/2026 के पृष्ठ संख्या–30/टि0 पर दिनांक–02.07.2026 को प्राप्त है।

12. इसमें सचिव, सहकारिता विभाग, बिहार, पटना की सहमति संचिका संख्या–01/नि0/(लेखा) सोशल मीडिया–14/2026 के पृष्ठ संख्या–31/टि0 पर दिनांक–02.07.2026 को प्राप्त है।

ह०/–
(अभय कुमार सिंह)
सरकार के अपर सचिव।

ज्ञापांक 202 /पटना, दिनांक 03/07/26
01/नि0/(लेखा) सोशल मीडिया–14/2026

प्रतिलिपिः– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

1. कोषागार पदाधिकारी, सचिवालय कोषागार, विकास भवन, पटना को मुहरबन्द लिफाफे के साथ।
2. सचिव, वित्त विभाग, बिहार, पटना/सचिव, योजना एवं विकास विभाग, बिहार, पटना/मंत्रिमंडल सचिवालय विभाग, बिहार, पटना/सचिव के निजी सहायक, सहकारिता विभाग, बिहार, पटना/निबंधक, सहयोग समितियाँ, बिहार, पटना/निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी, कार्यालय निबंधक, सहयोग समितियाँ, बिहार, पटना/अवर सचिव, सहकारिता विभाग (प्रभारी प्रशाखा–03)/ADD24 Services Private Ltd. (Reg. No.- DIPP137674), 4th Floor, RK Plaza, near RGS Green Apartment, Mainpura, Patna, Bihar 800001/आई॰टी॰ मैनेजर, सहकारिता विभाग, बिहार, पटना/विपत्र लिपिक कार्यालय निबंधक, सहयोग समितियाँ, बिहार, पटना (दो प्रति में)।

03/07/26

3.7.26

सरकार के अपर सचिव।